जीएनडीयूः ऑनलाइन कोर्सेस के लिए 15 तक करें आवेदन

अमृतसर। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन मोड के तहत होने वाले पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तारीख 15 नवंबर तक बढ़ा दी है। उपकुलपति डॉ. जसपाल सिंह संधू ने कहा कि इस समय विश्वविद्यालय में लगभग 1400 शिक्षार्थी विभिन्न ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन कार्यक्रमों में नामांकित हैं, इनमें कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया, यूएई और यूएसए जैसे देशों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय छात्र शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि यह ऑनलाइन कार्यक्रम विशेष रूप से यूके, यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और यूरोप जैसे क्षेत्रों में न केवल पंजाबी प्रवासियों को लाभान्वित करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, बल्कि भारत या दुनिया भर के किसी भी व्यक्ति को लचीले उच्च शिक्षा विकल्पों की तलाश है। इसके अलावा जीएनडीयू बीए, बी.कॉम, बीसीए, एमबीए, एमबीए, एमबीए (एफएम), एमबीए (एचआरएम), एमबीए (एमएम), एमसीए, एमए (अंग्रेजी) और एमए (पंजाबी) सहित 11 ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। संवाद